साप्ताहिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### हत्या के आरोपी को उम्र कैद

महासमुंद, (आरएनएस)। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम भगत सरायपाली में लगभग एक वर्ष पूर्व अपने बड़े भाई की हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश मानवेंद्र सिंह द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 23 नवंबर 2016 को मंगलू का पुत्र सूरज एवं हेमाल बाघ का पुत्र संजय बाघ खेत में काम कर रहे थे। उसी दौरान संजय द्वारा सूरज को ज्यादा जमीन का हिस्सा कमाते हो कहकर विवाद किया गया। सूरज ने विवाद की बात अपने पिता मंगलू को बताई। इस पर वह हेमाल बाघ के घर पर समझाने गया। साथ में उसकी पुत्री कलावती भी थी। तभी हेमाल घर से एक डंडा लेकर आया और कलावती के साथ मारपीट करने लगा। जब मंगलू ने बीच बचाव किया, तो हेमाल ने उसके सिर पर कई बार डंडे से प्रहार किया। इससे मंगलू की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि मंगलू, हेमाल का बड़ा भाई था। कलावती इस घटना की सूचना सरायपाली थाने में दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने हेमाल के विरूद्ध धारा 323, 302 के तहत अपराध कायम किया। मामले की सम्पूर्ण विवेचना के पश्चात पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में मामले की सम्पूर्ण विचारण के पश्चात दोष सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी हेमाल बाघ को आजीवन कारावास से दंडित किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में मृत/घायल को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव,(आरएनएस)। कलेक्टर भीम सिंह ने राजनांदगांव जिले के तहसील राजनांदगांव, डोंगरगांव तथा छुरिया क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों एवं घायलों को 6 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में 3 व्यक्तियों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 75 हजार रूपए तथा एक व्यक्ति के घायल होने पर 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। डोंगरगांव तहसील के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में 6 व्यक्तियों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 1 लाख 50 हजार रूपए तथा एक व्यक्ति के घायल होने पर 10 हजार रूपए तथा छुरिया तहसील के अंतर्गत 13 व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 3 लाख 25 हजार रूपए तथा 3 व्यक्ति के घायल होने पर 30 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### मोपेड सवार दंपत्ति हुई चैन स्नेचिंग की शिकार

रायपुर, (आरएनएस)। ग्राम मुंगेतरा के मेनरोड में मोपेड सवार दंपत्ति चैन स्नेचिंग की शिकार हो गई। अज्ञात बाईक सवार युवक ने सोने की चैन छीनकर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिर हसौद पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र वर्मा पिता भागवत वर्मा ग्राम छपोरा का रहने वाला है। प्रार्थी ग्राम मुंगेतरा में अपने किसी रिश्तेदार के यहां गृहप्रवेश में शामिल होने अपनी पत्नी के साथ टीवीएस मोपेड क्रमांक सीजी 04 टीएफ 9918 से आया हुआ था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे वापस अपनी पत्नी के साथ घर जा रहा था तभी ग्राम मुंगतेरा के मेनरोड में पीछे से एक बाईक सवार युवक आया और महिला के गले में पहने दो तोले की सोने की चैन खींचकर भाग निकला। लूटे गए चैन की कीमत करीब 60 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी नीले रंग की सीडी डीलक्स बाईक में था और पीले रंग की टीशर्ट पहना था। आरोपी लूट के वारदात को अंजाम देने के बाद चंदखुरी के तरफ भागा है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिर हसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना

कोरबा (आरएनएस)। प्रदेश के वन विभाग द्वारा तेन्दुपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना संचालित की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया के अलावा परिवार के शेष ऐसे व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से 59 के बीच है, उन्हें सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत साधारण मृत्यु पर तीन हजार 500 रूपये, आंशिक विकलांगता पर 12 हजार 500 रूपये एवं दुर्घटना मृत्य या पूर्ण विकलांगता पर 25 हजार रूपये की राशि संग्राहक या उसके नामित व्यक्ति को प्रदान की जाती है। इसके अलावा छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा अटल तेंदूपत्ता बीमा योजना के तहत मृत्यु की दशा में छः हजार 500 रूपये का अतिरिक्त भुगतान किया जाता है।

### सड़क हादसों में दो लोग हुए घायल

महासमुंद, (आरएनएस)। बीती रात दो अलग-अलग दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पहली घटना नेशनल हाइवे पर सरायपाली के ग्राम खम्हारपाली के समीप की है। जहां रिमझी निवासी बाइक सवार परदेशी पिता सुंदर चौहान (30) दुर्घटना ग्रस्त होकर हाइवे पर पड़ा हुआ था। जिसे पेट्रोलिंग पार्टी ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। दूसरी घटना नगर के प्रवेश द्वार घंटेश्वरी मंदिर के समीप की है। जहां ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 6791 के चालक अनिल कुमार पिता सरोत कुमार महंतो (28) ओडिशा द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वाहन को पलटा दिया गया। जिससे उसे गंभीर चोट आई। मौके पर पेट्रोलिंग पार्टी ने पहुंचकर घायल ट्रक चालक अनिल कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।

## आतंक के खिलाफ अमेरिका ने दिया भारत को झटका

वाशिंगटन , (आरएनएस)। अमेरिकी कांग्रेस ने 2018 के राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए-2018) में बड़ा बदलाव किया है। पाकिस्तानी समाचार पत्र द डॉन के मुताबिक, बिल के नए संस्करण में आतंक के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान की सहभागिता के लिए अमेरिका की ओर से दिए जा रहे फंड के लिए अमेरिका के रक्षा मंत्री को यह प्रमाणित करने की आवश्यकता जताई है कि पाकिस्तान ने हक्कानी नेटवर्क की गतिविधियों को रोकने के लिए कदम उठाए हैं। पुराने बिल में हक्कानी नेटवर्क के साथ लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का नाम भी शामिल था। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका अपना पूरा ध्यान अफगानिस्तान में चल रही आतंकी गतिविधियों पर ही केन्द्रित करना चाहता है। आपको बता दें कि अमेरिकी कांग्रेस ने पाकिस्तान को 70 करोड़ डॉलर (4.5 हजार करोड़ रुपये) की सहायता देने का फैसला लिया है। पाकिस्तान को यह मदद अफगानिस्तान में चलाए जा रहे अमेरिकी अभियानों को समर्थन देने के एवज में दी जाएगी। अमेरिका गठबंधन सहायता निधि (ष्टस्न्न) से यह राशि पाकिस्तान को देगा। लश्कर को हक्कानी नेटवर्क के साथ शामिल न करने के फैसले से भारत को झटका लग सकता है। लश्कर ए तैयबा एक प्रतिबंधित संगठन है और इसका फाउंडर 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड है। आपको बता दें कि भारत को इसी साल वैश्विक स्तर पर लश्कर ए तैयबा और जैश जैसे संगठनों को आतंकी संगठन घोषित किया था। गौरतलब है कि सिबंतर में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में जारी घोषणापत्र में आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन की कड़ी निंदा की गई थी। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा था। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि क्योंकि चीन कई बार जैश-ए-मोहम्मद चीफ मसूद अजहर पर यूएन द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने की दिशा में अड़ंगा लगा चुका था। ऐसे में आतंकवाद के मुद्दे पर चीन को साथ जोड़ने में भारत को कामयाबी मिली थी।

### खाई में गिरने से युवती की मौत

हल्द्वानी ,(आरएनएस)। तहसील के ओखलकांडा ब्लॉक के थलाड़ी गांव की युवती की पहाड़ी से खाई में गिरने से मौके पर मौत हो गई। मृतका चंपा 22 की जल्दी ही शादी होने वाली थी। वह अपने पिता रमेश सिंह रावत के साथ शादी का सामान लेने हल्द्वानी जा रही थी। गांव से रोड तक के पैदल मार्ग में यह हादसा हुआ। क्षेत्र के राजस्व पुलिस पटवारी हेम चंद्र जोशी के अनुसार घटना को लेकर परिजनों ने किसी प्रकार की जानकारी फिलहाल नहीं दी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। चंपा रमेश सिंह के चार बच्चों में सबसे बड़ी थी। जानकारी के अनुसार चंपा व उसके पिता हल्द्वानी जाने के लिए सुबह घर से निकले। गांव से मोटर मार्ग की दूरी लगभग एक किमी है। घने जंगल के बीच यह रास्ता पत्थरीला है। पैदल रास्ते में आधे में पहुंचने पर अचानक चंपा का संतुलन बिगड़ गया और वह 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। घटना से घबराए पिता ने हो हल्ला करने पर ग्रामीण मौके पर एकत्रित हुए। घाटी में उतरने पर देखा की चंपा ने दम तोड़ दिया है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता दीपक बर्गली ने इस घटना जानकारी दी। इधर पटवारी हेम जोशी ने बताया कि परिवार वाले घटना पर कोई कार्रवाई नहीं चाह रहे हैं। क्षेत्र के विधायक राम सिंह कै डा ने लड़की की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### थोक मंहगाई छह माह के उच्च स्तर पर, सब्जियां हुई महंगी

नई दिल्ली , (आरएनएस)। प्याज, दूसरी सब्जियों सहित खाने-पीने के सामान के दाम बढ़ने से अक्टूबर माह में थोक मुद्रास्फीति 3.59 पर पहुंच गई। यह इसका पिछले छह माह का उच्च स्तर है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने सितंबर में 2.60 पर थी। अक्टूबर 2017 की मुद्रास्फीति इस साल अप्रैल के बाद सबसे ऊंची है। मंगलवार को थोक मूल्य सूचकांक के जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अक्टूबर माह में दोगुने से भी अधिक होकर 4.30 पर पहुंच गई। सब्जियों के मामले में मुद्रास्फीति सितंबर के 15.48 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 36.61 तक चढ़ गई। जहां तक प्याज की बात है, अक्टूबर में प्याज के दाम में एक साल पहले के मुकाबले 127.04 प्रतिशत की वृद्धि रही। अंडा, मीट और मछली के दाम 5.76 प्रतिशत ऊंचे रहे। ईंधन मुद्रास्फीति पिछले तीन माह से लगातार ऊंची बनी हुई है। विश्व बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने के बाद पेट्रोल, डीजल के दाम लगातार ऊंचे बने हुए हैं। इसके विपरीत दाल-दलहन के दाम में गिरावट का दौर जारी है। दलहन में 31.05 की गिरावट रही। आलू के दाम 44.29 घट गए जबकि गेहूं 1.99 नीचे रहा।

### पेटीएम ने गायब किये 10 हजार

रुद्रपुर ,(आरएनएस)। सदर कोतवाली क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 स्थित दरिया नगर निवासी गौरव कुमार पुत्र रमेश राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका एक बचत खाता एचडीएफसी बैंक में संचालित है। उसका वेतन उसी खाते में आता है। बताया गया कि आठ नवंबर को दिन में तीन बार उसके खाते से तीन तीन हजार और एक बार एक हजार रुपये निकाल लिए गए। इसकी जानकारी उसके मोबाइल पर आए एसएमएस से हुई। उसने इन एसएमएस को भी पुलिस से शेयर किए हैं। जबकि उसने कभी भी नेट बैंकिग सुविधा का प्रयोग नहीं किया है। जबकि उसका एटीएम उसी के पास ही है। उसके खाते से यह भुगतान पेटीएम के माध्यम से निकाला गया है। पुलिस ने मामले में तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पेटीएम से पैसे निकालने वाला शिकायत कर्ता का कोई करीबी ही रहा होगा, शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग में मनाया गया विश्व मधुमेह दिवस

रायबरेली ,(आरएनएस)। जिला चिकित्सालय में विश्व मधुमेह दिवस के दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक रैली का आयोजनजिला चिकित्सालय पुरूष से किया गया। उन्होंने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली सुपर मार्केट, घण्टाघर चैराहा, दीवानी कचेहरी, राजकीय इण्टर कालेज से होते हुए जिला महिला चिकित्सालय पर समाप्त हुयी। रैली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली में फिरोज गांधी डिग्री कालेज, राजकीय इण्टर कालेज, सिमहैन्स हास्पिटल के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गोष्ठी में मधुमेह के उपचार एवं बचाव पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि किस प्रकार हम अपने खान-पान पर नियंत्रण व जीवन शैली में बदलाव लाकर मधुमेह मुक्त रह सकते है।

### मंदिर में सुविधाओं और सुरक्षा के लिए बनाई कमेटी

नई दिल्ली (आरएनएस)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने आज अमरनाथ मंदिर में पर्यावरण की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं के लिए एक कमेटी गठित की। साथ ही यह सवाल पूछा कि अब तक क्यों नहीं वहां से अतिरिक्त दुकानें हटाई गईं। एनजीटी ने अमरनाथ मंदिर के आसपास के इलाके को 'साइलेंस जोन' घोषित करने का सुझाव भी दिया। उसके आस-पास नारियल ना फेंकने का निर्देश भी दिया।

### तालिबान के हमले में 22 पुलिसकर्मी मारे गए

काबुल ,(आरएनएस)। अफगानिस्तान के दक्षिण पूर्वी कंधार प्रांत में तालिबानी लड़ाके रातभर में करीब 15 सुरक्षा चौकियों में घुस गए और कुल 22 पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी। कार्यकारी प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मतीउल्लाह हेलाल ने कहा कि सोमवार रात को विद्रोही सुरक्षा चौकियों में घुस गए। इस घटना में कम से कम 15 पुलिसकर्मी जख्मी भी हुए हैं। हेलाल ने कहा कि ये हमले मेवांद और जहेरी जिलों में हुए और कुछ मुठभेड़ घंटों तक चली। उन्होंने कहा कि 45 तालिबानी मारे गए और 35 अन्य जख्मी हो गए। क्षेत्र से संसद के सदस्य खालीद पश्तून ने बताया कि 37 पुलिसकर्मी मारे गए हैं और 30 अन्य जख्मी हुए हैं। तालिबान की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं मिली है। तालिबान ने अफगान सुरक्षा बलों पर हमले बढ़ा दिए हैं।

### 6 मुस्लिम बहुल देशों की अमेरिकी यात्रा पर प्रतिबंध, अदालत ने दी इजाजत

अमेरिका (आरएनएस)। अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए यात्रा प्रतिबंध को आंशिक रूप से लागू करने की इजाजत दे दी है. नौवीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स का फैसला मुस्लिम बहुलता वाले छह देशों के ऐसे नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाता है जिनका अमेरिकी व्यक्ति या संस्था से कोई 'वास्तविक' संबंध नहीं है. यह रोक उन लोगों पर लागू नहीं किया जाएगा जिनका अमेरिकी लोगों या किसी कंपनी या फर्म से सीध संबंध है. हवाई ने यात्रा प्रतिबंध के नए संस्करण पर रोक लगाई है. यह सितंबर में पेश किया गया था. हवाई स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश डेरिक वाटसन ने इस यात्रा प्रतिबंध को लागू होने से कुछ घंटा पहले इस पर रोक लगा दी थी. वाटसन ने पाया था कि पूर्व के यात्रा प्रतिबंध की तरह की नया संस्करण भी यह दिखाने में नाकाम रहा है कि किसी देश का नागरिक अमेरिका के लिए सुरक्षा कैसे खतरनाक है? ट्रंप प्रशासन ने यात्रा प्रतिबंधों में कुछ अन्य कारणों से छह मुसलमान बहुलता वाले देशों के अलावा भी कुछ अन्य को जोड़ा है. सरकार की यह यात्रा प्रतिबंध नीति चाड, ईरान, लीबिया, उत्तर कोरिया, सोमालिया, सीरिया तथा यमन के नागरिकों पर और वेनेजुएला के कुछ सरकारी अधिकारियों और उनके परिवारों पर लागू है. यात्रा प्रतिबंध के खिलाफ यह फैसला पहले हवाई की अदालत ने फिर मरीलैंड की अदालत ने दिया और यह सिर्फ छह मुस्लिम बहुल देशों पर लागू होता है. इस निर्णय का असर उत्तर कोरिया और वेनेजुएला पर नहीं पड़ेगा क्योंकि वादी ने इसके लिए अपील नहीं की थी. मैरीलैंड की अदालत का फैसला हवाई की अदालत की तुलना में सीमित है. मैरीलैंड की अदालत प्रतिबंध को उन्हीं लोगों पर लागू करने की इजाजत देती है जिनका अमेरिका से कोई संबंध नहीं है.

### मुहाजिरों के मानवाधिकारों के उल्लंघन पर अमेरिकी सांसद ने जताई चिंता

वॉशिंगटन,(आरएनएस)। पाकिस्तान की औद्योगिक राजधानी कराची में मुहाजिरों के मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताते हुए अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की एक सांसद ने अमेरिका में समुदाय के लोगों को आश्वासन दिया कि वह अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर इस मुद्दे को संसद में उठाएंगी. वजीर्निया में वर्ल्ड मुहाजिर कांग्रेस में रविवार को सांसद बारबरा कॉमस्टॉक ने कहा, ''हम (मानवाधिकार उल्लंघन के) गवाहों को (कांग्रेशनल) सुनवायी में बुला सकते हैं, विभिन्न थिंक टैंक के पास जा सकते हैं.'' सम्मेलन के दौरान जब समुदाय के नेताओं ने सांसद को पाकिस्तान में होने वाले मानवाधिकार उल्लंघनों, सत्ता द्वारा उन्हें विकास और शिक्षा से अलग रखे जाने आदि की सूचनाएं दी तो, कॉमस्टॉक ने कहा कि आर्थिक विकास और शिक्षा साथ-साथ चलते हैं. वर्जीनिया में स्थानीय रिपब्लिकन नेता पुनीत अहलूवालिया ने कहा कि समुदाय के लिए यह महत्वपूर्ण मुद्दा है. उन्होंने कहा,''हमें यहां अमेरिका में नेतृत्व का गठबंधन बनाना है और कराची में अमेरिकी राजनयिकों से कहना है कि वह कराची में मुहाजिर नेताओं से मिलें और उनके विचार सुनें.

वाशिंगटन और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले मुहाजिर समुदाय के सदस्य लगातार अमेरिका के शीर्ष और प्रभावशाली सांसदों तथा ट्रंप प्रशासन के पदाधिकारियों से मिलकर उन्हें कराची के हालात से वाकिफ करा रहे हैं.

### सऊदी अरब में योग को मिला खेल का दर्जा

रियाद (आरएनएस)। भारत में जहां योग और धर्म लेकर विवाद छिड़ा है, वहीं दूसरी ओर इस्लामिक देश सऊदी अरब में योग को एक खेल के तौर पर आधिकारिक मान्यता मिल गई है। सऊदी अरब की ट्रेड ऐंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने स्पोर्ट्स ऐक्टिविटीज के तौर योग सिखाने को आधिकारिक मान्यता दे दी है। सऊदी अरब में अब लाइसेंस लेकर योग सिखाया जा सकेगा। खास बात यह है कि नोफ मारवाई नामक एक महिला को सऊदी अरब की पहली योग प्रशिक्षक का दर्जा भी मिल गया है। योग को खेल के तौर पर सऊदी में मान्यता दिलाने का श्रेय भी नोफ को ही जाता है। नोफ ने इसके लिए लंबे समय तक अभियान चलाया था। अरब योगा फाउंडेशन की फाउंडर नोफ का मानना है कि योग और धर्म के बीच किसी तरह का कॉन्फ्लिक्ट नहीं है। आपको बता दें कि 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक तौर पर स्वीकृति मिली थी और 21 जून को हर साल विश्व भर में योग दिवस मनाया जाता है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

1- भोरमदेव मंदिरका निर्माण किस शताब्दी में होना माना जाता है- 11वी
2- बस्तर में डण्डारी नृत्य किस त्यौहार पर आयोजित होता है- होली
3- मामा भांजा का मंदिर कहां है - बारसुर
4- देवदास बंजारे किस क्षेत्र से जुडे थे- पन्थीनृत्य
5- यति यतन लाल महासमुंद किस आश्रम में जुडे थे- विवेक वर्धन
6- सन्त धासीदास के पिताजी का क्या नाम थे- महंगू
7- मुक्ति बोध के नाम से कौन जाने जाते है- गजानन माधव
8- अगस्त 2005 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार किसको दिया गया- राज्यवर्धन सिंह राठौर
9- वर्ष 2010 के एशियाह खेल केस देश में आयोजित होंगें- चीन
10- विम्बलडन टेनिस ग्रेण्ड स्लेम 2004 में महिला एकल का खिताब किसने जीता- मारिया शारापोवा
11- तेलगी स्टाम्प घोटाला में कौन पुलिस अधिकारी संदिग्ध नहीं है- श्रीधर वाधल
12- एयर सहारा ने प्रथम अन्तराष्टीय उडान किय जगह पर भेजी- सिंगापुर
13- अबू गरीब क्यों खबरों में आया- उत्पीडन
14- वर्ष 2004 का मैग्सेसे पुरस्कार किसको मिला- रामदारस लक्ष्मीनारायण
15- पश्चिम बंगाल की राज्यपाल कौन थी- पद्‌मजा नायढू
16- हैरी पॉटर उपन्यास में कोर्नेलिस ऊज कौन है- जादू का मन्त्री
17- भारतीय मूल का कौन सा व्यक्ति ऊिजी का प्रधानमन्त्री था- महेन्द्र चौधरी
18- भारत रत्न प्राप्त कर्ता कौन नहीं है- अटल बिहारी बाजपेयी
19- कौन प्रसिद्ध बांसुरी वादक है- रोनू मजूमदार
20- वर्ष 20085 का ओलम्पिक कहॉ आयोजित होगा- सिओल
21- युआन किस देश की मुद्रा है- चीन
22- रक्सगण्डा जल प्रपात किस नदी पर है- रेंड
23-सिंघु घांटी सभयता को खोज निकालने में जिन दो भारतीयों का नाम जुडा है- रामलखन दास, दयाराम साहनी
24- अशोक के शिलालेख को पढऩे वाला प्रथम अंग्रेज कौन था- हैरी स्मिथ
25- गुप्तवंश ने अवधि मे शासन किया- 319-500 ई
26- किसके शासनकाल में हूणों ने भारत पर हमला किया- स्कन्दगुप्त
27- कौन सा सुल्तान नया धर्म लाना चहाता था किन्तु उलेमा लोगों ने विरोध किया- अलाउद्दीन
28- भारत के शासक बनने पर जहीरूद्दीन मोहम्मद ने नाम रखा- बाबर
29- एक इतिहासकार ने पानीपत की तीसरी लडाई को स्वयं देखा, वह कौन था- काशीराज पण्डित
30- महात्मा गांधी ने अहमदाबाद के निकट साबरमती के किनारे एक आश्रम बनाया था इसे- साबरमती आश्रम
31- स्वतंत्र भारत में किस राज्य की राज्यपाल बनाने वाली प्रथम महिला थी- सरोजनी नायडू
32- भारत के अंतिम गवर्नर जनरल कौनथे- सी9 राजगोपालाचारी
33- भारत के स्वतंत्र होते समय इंग्लैण्ड का प्रधानमंत्री कौन था - क्लीमेण्ट ण्टली
34-इस भूमि को सिंचाई की कम आवश्यकता होती है क्योंकि वह पानी बचाती है यह कौन सी है - काली मिटटी